Total number of printed pages–7

14 (HIN–3) 3036

**2021**

**( Held in 2022 )**

# HINDI

Paper : HIN–3036

***( Hindī Bhāshā )***

*( हिन्दी भाषा )*

*Full Marks : 64*

Time : Three hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

1. सही विकल्प का चयन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'पालि' शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत के 'पंक्ति' शब्द से किस विद्वान ने मानी है?

*(i)* डॉ॰ सुनीतिकुमार चटर्जी

*(ii)* श्री विधुशेखर भट्टाचार्य

*(iii)* पं. राहुल सांकृत्यायन

*(iv)* डॉ॰ धीरेन्द्र वर्मा।

*Contd.*

(ख) भारत की केन्द्रीय भाषा के अर्थ में 'हिन्दी' शब्द के प्राचीनतम प्रयोग वाले ग्रंथ 'ज़फरनामा' का प्रकाशन-वर्ष है —

*(i)* 1464 ई.

*(ii)* 1524 ई.

*(iii)* 1444 ई.

*(iv)* 1424 ई.।

(ग) आदिकालीन हिन्दी (1000 ई.-1500 ई.) की विशेषता है —

*(i)* 'व' ध्वनि दन्तोष्ठ्य रूप में उच्चरित होने लगी।

*(ii)* शब्दान्त 'अ' मूल व्यंजन के बाद आने पर लुप्त हो गया।

*(iii)* च, छ, ज, झ स्पर्श-संघर्षी व्यंजन हो गये।

*(iv)* क़, ख़, ग़, ज़, फ़— ये पाँच व्यंजन हिन्दी में आ गये।

(घ) इनमें से किस राज्य में हिन्दी राज्यभाषा न होने पर भी वह केन्द्रीय सरकार के साथ पत्राचार हिन्दी में करता है?

*(i)* गुजरात

*(ii)* हरियाणा

*(iii)* छत्तीसगढ़

*(iv)* उत्तराखण्ड।



(ङ) ब्रजभाषा के क्षेत्र के अन्तर्गत आता है —

*(i)* मेरठ

*(ii)* आगरा

*(iii)* इटावा

*(iv)* गाज़ियाबाद।

(च) उच्चारण-स्थान की दृष्टि से 'ज' किस प्रकार की ध्वनि है?

*(i)* वत्सर्य

*(ii)* तालव्य

*(iii)* पूर्व-तालव्य

*(iv)* कोमल तालव्य।

(छ) 'अध्याहार' का अर्थ है —

*(i)* वाक्य का प्रयोग करते समय अतिरिक्त शब्दों का लोप कर देना।

*(ii)* कभी आवश्यक न होने पर भी कुछ अतिरिक्त शब्दों का आगम कर लेना।

*(iii)* वाक्य का अर्थ करते समय लुप्त शब्दों को आवश्यकतानुसार ले आना।

*(iv)* वाक्य-प्रयोग में व्याकरणिक अनुरूपता का अनुपालन करना।

(ज) हिन्दी में सदा बहुवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है —

*(i)* हवा

*(ii)* दर्शन

*(iii)* मुद्रा

*(iv)* वार्ता।

(झ) श्याम बहुत तेज विद्यार्थी है। — इस वाक्य में प्रयुक्त 'बहुत' शब्द है —

*(i)* विशेषण

*(ii)* विशेष्य

*(iii)* प्रविशेषण

*(iv)* अव्यय।

(ञ) देवनागरी लिपि का गुण है —

*(i)* देवनागरी लिपि में जैसा लिखा जाता है, वैसा ही उच्चारण होता है।

*(ii)* देवनागरी लिपि में सभी लिपि-चिह्नों के नाम ध्वनियों के अनुसार हैं।

*(iii)* देवनागरी लिपि में संयुक्त वर्णों का स्पष्ट उच्चारण किया जाता है।

*(iv)* उपर्युक्त सभी।



2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×7=14

(क) आधुनिककालीन हिन्दी की *दो* ध्वनिगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) अवधी बोली का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है? अवधी बोली की मुख्य उप-बोलियों का नामोल्लेख कीजिए।

(ग) प्रयत्न के आधार पर वर्गीकृत हिन्दी की 'य' और 'व' ध्वनियों को 'अर्धस्वर' क्यों कहते हैं?

(घ) रूप या आकार की दृष्टि से अप्राणीवाचक संज्ञा-शब्दों के लिंग-निर्धारण के कोई *दो* नियम उदाहरणसहित बताइए।

(ङ) पुरुषवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं? हिन्दी के पुरुषवाचक सर्वनामों का नामोल्लेख कीजिए।

(च) हिन्दी की प्रेरणार्थक क्रियाओं के प्रयोग के *दो* स्थलों का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

(छ) भाषा और लिपि में क्या सम्बन्ध है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं दो* के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) 'हिन्दी' शब्द के *तीनों* तात्पर्यों का खुलासा कीजिए।

(ख) हिन्दी की एक बोली के रूप में खड़ीबोली (कौरवी) का परिचय दीजिए।

(ग) हिन्दी वाक्य-रचना के संदर्भ में अन्विति के स्वरूप पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(घ) नागरी लिपि के नामकरण पर विचार कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं तीन*** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं में से असमीया, बांग्ला और उड़िया का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(ख) ध्वनि, व्याकरण, शब्द-भण्डार और साहित्यिक प्रयोग की दृष्टि से मध्यकालीन हिन्दी (1500-1800 ई. तक) की भाषिक विशेषताओं पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(ग) पश्चिमी हिन्दी और पूर्वी हिन्दी के अंतरों को स्पष्ट कीजिए।

(घ) स्वर-ध्वनि की परिभाषा देते हुए हिन्दी की स्वर-ध्वनियों के वर्गीकरण पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(ङ) हिन्दी के कारकों एवं कारक-चिह्नों का उल्लेख करते हुए दोनों वचनों में 'घोड़ा', 'कवि', 'ऋतु' और 'गौ' — इन चार संज्ञा-शब्दों की कारकीय रूप-रचना को प्रस्तुत कीजिए।



(च) वैज्ञानिक लिपि की शर्तों के आधार पर नागरी लिपि में निहित दोषों का उल्लेख करते हुए उनके दूरीकरण की संभावनाओं पर सम्यक् विचार कीजिए।

---